# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (04.05.2025)**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:04.05.2025, PAGE-04

## पीजी के छात्रों का कल से जमा होगा पंजीयन शुल्क

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। पीजी सत्र 2024-26 के छात्रों का पांच मई से पंजीयन शुल्क जमा होगा। बीआरएबीयू प्रशासन ने शनिवार को इसको लेकर निर्देश जारी किया है। विवि ने फॉर्म भरने को लेकर पहले शिड्यूल जारी कर दिया था। इसे लेकर छात्र असमंजस में थे। बाद में इसे संशोधित किया गया। अब पहले रजिस्ट्रेशन होगा। इसके बाद फॉर्म भराया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक ने कहा है कि विभागाध्यक्ष व प्राचार्य पंजीयन शुल्क की सत्यापित कॉपी यूएमआईएस कार्यालय में भी जमा करेंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE:04.05.2025
PAGE-04

## विश्वविद्यालय में व्याख्यानमाला आयोजित

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : विश्वविद्यालय इतिहास विभाग में शनिवार को प्री पीएचडी प्रिपरेशन कोर्स वर्क 2022 के शोधार्थियों के लिए ऐतिहासिक अनुसंधान के विविध स्त्रोत पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इसमें जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल कालेज घोड़ासहन पूर्वी चंपारण के प्राचार्य प्रो. पंकज कुमार राय ने व्याख्यान दिए। उन्होंने कहा कि डाटा का विश्लेषण वैज्ञानिक पद्धति से करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. रेणु कुमारी ने की। धन्यवाद ज्ञापन डा. शिवेश कुमार ने किया। मौके पर डा. कहकशां, डा. शिवेश कुमार, डा. गौतम चंद्रा, डा. सत्यप्रकाश राय समेत अन्य उपस्थित हुए।

DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE: 04.05.2025
PAGE-04

## कल से 13 तक होगा पीजी का रजिस्ट्रेशन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी फर्स्ट सेमेस्टर में नामांकित छात्र-छात्राओं के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी। सत्र 2024-26 के तहत नामांकित विद्यार्थियों के लिए 13 मई तक रजिस्ट्रेशन फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसको लेकर शनिवार को परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। दूसरे विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद बीआरएबीयू के पीजी कोर्स में नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन होना है। छात्रों को रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में 200 और प्रवजन शुल्क के लिए 150 यानी कुल 350 रुपये का शुल्क देना होगा। कालेजों के प्राचार्यों और पीजी विभागाध्यक्षों को जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि रजिस्ट्रेशन शुल्क विश्वविद्यालय के खाते में जमा कराया जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 04.05.2025, PAGE-04

# पीजी के विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन पांच मई से

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू ने पीजी सत्र 2024-26 में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन की अधिसूचना जारी कर दी है. पांच से 13 मई तक इस सत्र के विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन होगा.

14 तक रजिस्ट्रेशन शुल्क के साथ अन्य कागजात यूएमआइएस शाखा में हर हाल में जमा कराने को कहा गया है. शनिवार को परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने इसकी अधिसूचना जारी की.

बता दें कि करीब एक सप्ताह पूर्व विवि ने रजिस्ट्रेशन के बिना ही परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी की थी. विद्यार्थियों ने इसका विरोध शुरू कर दिया. इसपर संज्ञान लेते हुए अब रजिस्ट्रेशन की तिथि जारी की है. विवि से स्नातक करने वाले विद्यार्थियों को दोबारा रजिस्ट्रेशन कराने की जरूरत नहीं है.

दूसरे विवि से स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों को 200 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क और 150 रुपये प्रव्रजन शुल्क जमा करना होगा. बता दें कि इस सत्र में नामांकित विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन होने के बाद इसी महीने फॉर्म भरा जायेगा. वहीं परीक्षा अगले महीने हो सकती है. इस सत्र में 11 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं नामांकित हैं.

## द्वितीय वर्ष की विशेष परीक्षा 16 से 29 तक

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू ने स्नातक द्वितीय वर्ष की विशेष परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है. परीक्षा 16 से 20 मई तक ली जायेगी. 21 से 29 मई तक सब्सिडयरी पेपर की परीक्षा होगी. दो पालियों में इस परीक्षा मे करीब 15 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे. 10 मई के बाद इसके लिए एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा. प्रथम वर्ष की विशेष परीक्षा में सफल हुए चार सत्रों के विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा ली जा रही है. कॉलेजों को कहा गया है कि वे अपने स्तर से भी विद्यार्थियों को इसकी जानकारी उपलब्ध करा दें. यह द्वितीय वर्ष की आखिरी वार्षिक परीक्षा होगी. स्नातक में सीबीसीएस लागू होने के बाद से नए सत्र की परीक्षाएं सेमेस्टर पैटर्न पर ली जा रही हैं.

## द्वितीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा 10 तक करा लें

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से स्नातक द्वितीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है. यह परीक्षा उन परीक्षार्थियों के लिए आयोजित होगी जो द्वितीय वर्ष की विशेष परीक्षा में शामिल हुए थे. पांच जिलों में कुल 7 केंद्रों पर प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की जायेगी. मुजफ्फरपुर व वैशाली में 2-2 केंद्र और सीतामढ़ी, मोतिहारी व बेतिया में 1 1 केंद्र पर परीक्षा होगी. इसमें चार सत्रों के 15 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे.

□ खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें